(ख) पिछले वर्षों की तुलना में क्या यह संख्या बढ़ी है अथवा घटी है ; और

(ग) ऊपर उल्लिखित अवधि में देश को विदेशी पर्यटकों से कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई ?

पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उषा सिंह : (क) से (ग) नवम्बर, 1990 तक भारत में आए विदेशी पर्यटकों की संख्या तथा पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में उनसे विदेशी मुद्रा की हुई अनुमानित आय नीचे दी गई है :—

	1989 (नवम्बर तक)	1990 (नवम्बर तक)
विदेशी पर्यटकों का आगमन	11,83,832	11,81,978
विदेशी मुद्रा की अनुमानित आय (रुपए करोड़ों में)	2,008	2,265

रेलवे टिकटों और आरक्षण में हेराफेरी

1063. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले 6 महीनों के दौरान रेलवे आरक्षण और रेलवे टिकटों में हेराफेरी के कुल कितने मामले सरकार की जानकारी में आए हैं ;

(ख) इस संबंध में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इस प्रकार की हेराफेरी को रोकने के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

रेलवे में डीजल और पैट्रोलियम उत्पादों की खपत

1064. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **रेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान रेलवे में डीजल और पैट्रोलियम उत्पादों की वर्षवार खपत कितनी-कितनी रही ;

(ख) इनकी खपत को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं ; और

(ग) क्या इन उत्पादों की खपत में विशेषकर पिछले 6 महीनों के दौरान कोई कमी देखी गई है और पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इन उत्पादों की खपत में कितनी कमी आई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) 1987-88 से 1989-90 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए भारतीय रेलों में डीजल और अन्य पैट्रोलियम उत्पादों की वर्षवार खपत इस प्रकार है :—

वर्ष	कर्षण के लिए डीजल की खपत (लाख किलो लीटर में)	गैर-कर्षण के लिए डीजल और अन्य उत्पादों की खपत (लाख किलो लीटर में)
1987–88	15.96	0.82
1988–89	16.53	0.80
1989–90 (अनंतिम)	16.77	0.78

(ख) खपत को कम करने के लिए किए गए कुछ महत्वपूर्ण प्रयास इस प्रकार हैं :—

(i) उनका ठीक देख-रेख और हिसाब रखना ।